# कितना सुन्दर लगे बिहारी कितना लागे प्यारा | By Jugnu

लट घुंघराले तेरे और काले काले बाल हैं
श्याम सलोने तेरी टेढ़ी मेढ़ी चाल है
तेरा हवा में सर सर सरका तेरा पीताम्बर मतवाला
कितना सुन्दर लगे बिहारी कितना लागे प्यारा

मुख पे माखन मलता ग्वालों को लेकर चलता
अहीर का छोरा देखो कैसे मटक मटक कर चलता
माथे तिलक है सोहे आँखों में काजल काला
कितना सुन्दर लगे बिहारी कितना लागे प्यारा

बंसी बजाये जब तू मोर भी नाच दिखाए
यमुना भी लेती है मोह कोयल कुह कुह गाये
हाथ में कंगन पहरे और गल बैजंती माला
कितना सुन्दर लगे बिहारी कितना लागे प्यारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be/